तित्थयर

वर्ष २२ अंक-४ जुलाई १९९८

जैन भवन

'जिसे तुम मारना चाहते हो वह तुम ही हो।'

Sethia Oil Industries Ltd.

Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard De-oiled Cakes, Neem deoiled Powder, Ground-nut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.

Plant
Post Box No. 5
Lucknow Road
Sitapur-261001 (U.P.)
Ph : 42017/42397/42073
(05862)
Gram - Sethia - Sitapur
Fax : 42790 (05862)

Registered Office
143, Cotton Street
Cal-700 007
Ph : 2384329/
8471/5738
Gram - Sethia Meal

Executive Office
2, India Exchange Place
Calcutta-700 001
Ph : 2201001/9146/5055
Telex : 217149 SOIN IN
Fax : 2200248 (033)

तित्थयर

श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका

जैन भवन
कलकत्ता

वर्ष - २२ अंक - ४, जुलाई १९९८

संपादन
लता बोथरा

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता - Editor : **Tithayar**, P-25 Kalakar Street, Calcutta - 700 007

विज्ञापन तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें -
Secretary, Jain Bhawan, P-25 Kalakar Street, Calcutta - 700 007
Subscription for one year : Rs. 55.00, US $ 20.00,
for three years : 160.00, US $ 60.00.
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US $ 160.00.

Published by Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25 Kalakar Street, Calcutta - 700 007 and Printed by her
at Surana Printing Works, 205 Rabindra Sarani
Calcutta - 700 007, Phone : 239-4393

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	लेख	लेखक	पृ. सं.
१.	दक्षिण भारत में जैन धर्म का प्रवेश और विस्तार	डा° नेमिचन्द शास्त्री	६१
२.	श्रावक जीवन	आचार्यश्री विजयभद्र गुप्त सूरीश्वरजी	७०
३.	राजा सम्प्रति		८०
४.	पुस्तक समीक्षा	--	८३

आवरण चित्र-पाकबिरा से ७वीं से १०वीं शताब्दी की प्राप्त जैन मूर्तिया एवं मन्दिर ।

Composed by
COMPU LASER GRAPHICS, 9, Srimani Ghat Lane, Rishra-712248, Hooghly.

कोहो पीइं पणासेइ, माणो विणयनासणो माया मित्ताणि
नामेइ, लोभो सव्वविणासणो ।

(दश° अ° ८ गा° ३८)

क्रोध प्रीति का नाश करता है, मान विनय का नाश करता
है, माया मित्रता का नाश करती है, और लोभ सभी
सदगुणों का नाश कर देता है ।

दक्षिण भारत में जैन धर्म का प्रवेश और विस्तार

डा० नेमिचन्द शास्त्री

दक्षिण भारत के इतिहास निर्माण में जैन संस्कृति का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस संस्कृति का इस भूभाग के राजनैतिक, धार्मिक और साहित्यिक जीवन पर अमिट प्रभाव पड़ा है। यद्यपि जैन धर्म के सभी प्रवर्त्तक उत्तर भारत में उत्पन्न हुए हैं, पर दक्षिण में इस धर्म का प्रवेश प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ के समय में ही हो गया था। ऐसे अनेक ऐतिहासिक सबल प्रमाण वर्तमान हैं, जिनसे प्रागैतिहासिक काल में दक्षिण भारत में जैन धर्म का अस्तित्व सिद्ध होता हैं।

मदुरा और रामनद से खुदाई में ई० पू० ३०० के लगभग का प्राप्त शिलालेख इस बात को सिद्ध करता है कि जैन धर्म दक्षिण भारत में ई० पू० ३०० से पहले उन्नत अवस्था में था। यह ब्राह्मी लेख अशोक लिपि में लिखा गया है, इसमें मधुराई, कुमत्तुर आदि कई शब्द तामिल भाषा के भी मिलते हैं। यद्यपि अब तक इस लेख का स्पष्ट वाचन नहीं हो सका है, किन्तु इसी प्रकारके अन्य लेख भी मारूगलतलाई, अनमैलिया, तिरूपरन्नकुरम् आदि स्थानों में मिले हैं; जिनके आस-पास तीर्थंकरों की भग्न मूर्तियाँ तथा जैन मन्दिरों के ध्वंसावशेष भी प्राप्त हुए हैं, जिससे पुरातत्वज्ञों का अनुमान है कि ये सभी लेख जैन हैं। अलगामलै की खुदाई में प्राप्त जैन मूर्तियाँ भी इस बात की साक्षी हैं कि दक्षिण भारत में यह धर्म ई० पू० ३०० के पहले एक कोने से दूसरे कोने तक फैल गया था जिससे कि जैन स्थापत्य और मूर्त्तिकला उन्नत अवस्था में थी।[1]

लंका के राजा धातुसेन (४६१-४७९ ई०) के समय में स्थविर महानाम द्वारा निर्मित महावंश नामक बौद्ध काव्य से पता चलता है कि ई० पू० ५०० के पहले दक्षिण भारत में जैन धर्म का पूर्ण प्रचार था। उस काव्य में बताया गया है कि राजा पाण्डुगम्य ने अनुराधपुर में अपनी राजधानी ई० पू० ४३७ में बसाई थी। इस नगर में विभिन्न प्रकार के सुन्दर भवनोंका निर्माण कराया गया था। राजाने एक 'निग्गन्थ[2] कुबन्थ' नाम का सुन्दर जैन चैत्यालय

बनवाया था तथा इस नगर में ५०० विभिन्न धर्मानुयायियों के बसने का भी प्रबन्ध किया था। इस कथन से स्पष्ट है कि जैन धर्म लंका में ई० पू० ५०० के पंहले विद्यमान था।

जैन प्रचारक यद्यपि लंका को समुद्र मार्ग से गए थे, पर लौटते समय वे स्थल मार्ग द्वारा दक्षिण के रास्ते से आए थे, यह बात तामिल और बौद्ध साहित्य से स्पष्ट है। अतः लंका में जैन धर्म का प्रचार के साथ-साथ दक्षिण भारत में भी जैन धर्म का प्रचार ई० पू० ५०० के लगभग या इससे पहले हुआ होगा।

राजावली कथा एक प्रामाणिक ऐतिहासिक काव्य माना जाता है। इसमें बताया गया है कि विशाख मुनि ने चोल और पाण्ड्य प्रान्तों में भ्रमण कर वहाँ के जैन चैत्यालयों की वन्दना की थी तथा वहाँ के निवासी श्रावकों को जैन धर्म का उपदेश दिया था। इससे स्पष्ट है कि भद्रबाहु स्वामी के पहले भी जैन धर्म दक्षिण में था, अन्यथा विशाखमुनि को जिन मन्दिर और जैन श्रावक कैसे मिलते ?

तामिल साहित्य के प्राचीन व्याकरण अगथियम[3] और उससे प्रभावित तौल्काप्याम के अध्ययन से पता लगता है कि ये ग्रन्थ एक जैनाचार्य द्वारा रचे गये हैं। विद्वानों ने इनका रचनाकाल ई० पू० ४०० माना है। अतएव स्पष्ट है कि ई० पू० ४०० के लगभग दक्षिण भारत में जैन धर्म का व्यापक प्रचार था। संगम[4] कालीन तामिल काव्य 'मणिमेरवलै' और 'सीलप्प-ड्डिडकारम्' में ज्ञात होता है कि इस युग में जैन धर्म समुन्नत अवस्था में था। 'संगम' युग के समय निर्धारण के सम्बन्ध में विद्धानों में मतभेद है। कुछ लोग ई० पू० २०० के पूर्व के समय का नाम संगम या प्राथमिक युग बतलाते हैं तथा कतिपय विद्वान् ई० पू० चौथी शताब्दी से ई० दूसरी शताब्दी तक के काल समूह को। यदि इस विवाद में न भी पड़ा जाय तो भी इतना तो सुनिश्चित है कि भद्रबाहु स्वामी के दक्षिण पहुँचने के पूर्व ही जैन धर्म वहाँ विद्यमान था।

कन्नड़ रामायण में बताया गया है कि श्रीमुनिसुव्रत भगवान् के तीर्थंकर काल में श्री रामचन्द्रजी ने दक्षिण भारत की यात्रा की थी, इस यात्रा में उन्होनें जैन मुनि और जैन चैत्यालयों की वन्दना की थी।

भागवत पुराण में भगवान् ऋषभदेव[5] के परिभ्रमंण की एक कथा आई

है । उस कथा में बताया गया है कि जिस प्रकार कुम्हारका चाक स्वयं चलता है, उसी प्रकार भगवान् ऋषभदेव का शरीर कोंक, वेंकट इत्यादि दक्षिण कर्णाटक के प्रदेशों में गया । कुटक पहाड़ से सटे हुए जंगल में उन्होंने नग्न होकर वहाँ तपस्या की । कोंक, वेंकट और कुटक के राजाओं ने ऋषभदेव के धर्म मार्ग को ग्रहण किया । इससे स्पष्ट है कि कुटक ग्राम, हट्टेंगडि, कोंक आदि दक्षिण भारत के प्रदेशों में जैन धर्म का प्रचार प्राचीन काल में ही था । उपर्युक्त स्थानों में हट्टेंगडि आज भी जैनियों का पवित्र क्षेत्र माना जाता है ।

विष्णुपुराण में कहा गया है कि नाभि और मरूके पुत्र ऋषभ ने बड़ी योग्यता और बुद्धिमानी से शासन किया तथा अपने काल में अनेक यज्ञ किए । चतुर्थावस्था में वह अपना राजपाट अपने बड़े पुत्र भरत को सौंप कर सन्यासी हो गए और दक्षिण भारत में स्थित पुलस्त्य ऋषि के आश्रम में निवास किया । इससे स्पष्ट है कि प्रथम तीर्थंकर दक्षिण में गए थे ।

हिन्दु पुराणों में एक संवाद[6] आता है, जिसमें बताया गया है कि देव और असुरों के युद्ध के बीच जैन धर्म का उपदेश विष्णुने किया था– "बृहस्पतिसाहाय्यार्थ विष्णुना मायामोह समुत्पादनम् दिगम्बरेण मायामोहेन दैत्यान् प्रति जैनधर्मोपदेशः, दानवानां मायामोहमोहितानां गुरूणा दिगम्बर-जैनधर्मदीक्षादानम्" । अर्थात् देव-मन्त्री बृहस्पतिकी सहायता के लिए विष्णु भगवान् ने मोहमाया नामक एक दिगम्बर साधुको उत्पन्न किया और दैत्यों को जैन धर्म का उपदेश उससे दिलाया, जिससे दानव जैन धर्म में दीक्षित हो गए । इस संवाद में एक रहस्य यह छिपा प्रतीत होता है कि विष्णु ने जैन मुनि का अवतार लेकर असुरोंको दीक्षा दी । यहाँ यह मान लिया जाए कि असुर जिनका यहाँ वर्णन किया गया है, वे वही लोग थे जो यहां के आदि निवासी थे और दक्षिण भारत के किनारे के प्रदेशों में रहते थे । ये आदिम निवासी सभ्य, संस्कृत और स्वतन्त्र थे, दास नहीं । इन्होंने आर्यों के आने के पूर्व भारत को अपने अधिकार में कर लिया था; तो इससे स्पष्ट है कि जैन धर्म का केन्द्र उस समय नर्मदा नदी के तटपर स्थित था जो कि आज भी तीर्थ स्थान के समान पूज्य है ।

उपर्युक्त कथनका समर्थन काठियावाड़में[7] प्राप्त एक ताम्रपत्र से भी होता है । यह ताम्रपत्र महाराज नेबूचदनेज़र प्रथम अथवा द्वितीय (ई॰ पू॰

११४० या ई॰ पू॰ ६००) का है। प्रो॰ प्राणनाथ ने इसका वाचन करते हुए बताया था कि यह महाराज विवलोनियाका निवासी था, वहाँ से यह द्वारिका आया था; यहाँपर इसने एक मन्दिर बनवाया और इस मन्दिर को नेमि या अरिष्टनेमिको अर्पण किया। नेमि उस समय रैवत गिरि (गिरनार) के देव थे। इससे स्पष्ट है कि नेमि या अरिष्टनेमि जो कि जैन तीर्थंकर है, के प्रति नेबूकी बड़ी भारी श्रद्धा और भक्ति थी।

दक्षिण भारत में जैन धर्म की प्राचीनता के जैन साहित्य में अनेक प्रमाण हैं। निर्वाणकाण्डकी निम्न गाथा में बताया हैं–

पण्डुसुआतिण्णिजणा दविडणरिदाण अट्ठकोडिओ।
सेतुंजय गिरिसिहरे णिव्वाणगया णमो तेसिं॥

अभिप्राय यह है कि पल्लवदेश में विराजमान भगवान् अरिष्टनेमि के निकट पाण्डवों ने जिनदीक्षा ग्रहण की थी; इनके साथ दक्षिण देश के और भी कई राजाओं ने मुनिव्रत धारण किया था; जो कि पाण्डवों के साथ तपकर शत्रुंजयगिरि से मुक्त[8] हुए थे।

महापुराणमें बताया गया है कि जब कल्पवृक्ष लुप्त हो गए और कर्म भूमिका आरम्भ हो गया तो अन्तिम कुलकर नाभि राजा के पास प्रजा आयी। उन्होंने उसे भगवान् ऋषभनाथ के पास भेज दिया। प्रजाने भगवान् ऋषभनाथ से प्रश्न किया– भगवन्! कृपाकर आजीविका का उपाय बतलाइये, जिससे हमलोग सुखपूर्वक रह सकें। भगवान् ने प्रजाको षट्कर्मों का उपदेश दिया। उनके स्मरणमात्र से इन्द्र अनेक देवों के साथ आ उपस्थित हुआ और उसने संकेतमात्र से ही नगर, गाँव, देश और प्रान्तों का वर्गीकरण कर दिया। तथा वहाँ जिन चैत्यालय, जिनबिम्ब एवं अन्य जैन संस्कृति के चिन्हों को प्रकट किया। बनाये गए देशों की संख्या ५२ बतायी गयी है; जिसमें दक्षिण भारत के अनेक बड़े-बड़े नगर शामिल है[9]–

करहाटमहाराष्ट्रसुराष्ट्रभीरकोंकणाः।
वनवासान्ध्रकर्णाटकोशलाश्चोलकेरलाः॥
दार्वाभिसारसौवीरशरसेनापरान्तकाः।
विदेहसिन्धुगान्धारपवनाश्चेदिपल्लवाः॥
कांवोजारट्टबाल्हीकतुरूष्कशककेकयाः।

महापुराण में भरत चक्रवर्ती की विजयका वर्णन करते हुए दक्षिण

दिशाके राजाओ पर की गयी विजय के निरूपणमें बताया है कि–

चोलिकान्नालिकप्रायान्प्रायशोऽनृजुचेष्टितान् ।
केरलान्सरलालापान्कलगोष्ठीषु चंचुरान् ॥
पाण्डयान्प्रचंडटोर्दण्डन् खण्डितारातिमण्डलान् ।

इससे स्पष्ट है कि भरत चक्रवर्ती ने चोल, पाण्डय केरल आदि राजाओंको हराकर वहाँ जैन धर्म का प्रचार किया था । प्रत्येक नरेश उस युग में पराजित देशों में अपने धर्मका प्रचार करता था । दूसरी बात यह है कि भगवान् ऋषभदेव के संकेत से जब इन्द्रने प्रान्तों और देशोंका वर्गीकरण किया था, उस समय जैन चैत्यालयों का निर्माण भी हुआ था, अतः उत्तर के समान दक्षिण में भी भरत चक्रवर्ती ने जैन चैत्यालयों की वन्दना करते हुए विजय प्राप्त की थी ।

पोदनापुर मे दक्षिण भारत के प्रथम जैन सम्राट्, बाहुबली स्वामीकी राजधानी बताई गई है, यह स्थान आज भी दक्षिण भारत में स्थित है । इसी प्रकार जैन साहित्य में पोलासपुर, मदुरा, भद्दिल आदि नगरों के नाम मिलते हैं । इन नगरों में भगवान् ऋषभदेव के समय में ही जैन धर्म का प्रचार बताया गया है ।

दाक्षिणात्य मथुरा–मदुरा नगर, को पाण्डवोंने बसाया था। कहा गया है–

सुतास्तु पाण्डोर्हरिचन्द्रशासनादकाण्ड एवाशनिपातनिष्ठुरान् ।
प्रगत्य दाक्षिण्यभृता सुदक्षिणां जनेन काष्ठां मथुरां न्यवेशायन् ॥

जब द्वारिका नगरी नष्ट हो गई और कृष्ण अपने भाई बलदेव के साथ दक्षिण मथुराको चले, रास्तेमें कौशाम्बीके जंगलमें जरतकुमारने बाण चलाया, जो कि श्रीकृष्ण के पाँव में लगा; जिससे उनका आत्मा इस नश्वर शरीर को छोड़कर चला गया । जब पाण्डवों को यह दुःखद समाचार मिला तो वे बलदेव से मिलने के लिए कौशाम्बी के जंगल में आए और उन्हें समझा बुझाकर यह तय किया कि नारायण के शव का संस्कार श्रृंगी गिरिपर कर दिया जाय।

पाण्डव दक्षिण के पल्लव देश में भगवान् नेमिनाथ का विहार अवगत कर मदुरा को लौट आए और भगवान् नेमिनाथ के पास जाकर जैन-दीक्षा ग्रहण कर ली । पाण्डवों के साथ और भी कई दक्षिणी राजाओं ने जैन-दीक्षा ग्रहण की, अतएव यह स्पष्ट है कि भगवान् नेमिनाथ ने दक्षिण के

देशों में विहार कर जैन धर्म का प्रचार किया था ।

अथ ने पाण्डवाश्चंडसंसारभयभीरवः ।
प्राप्य पल्लवदेशेषु विहरंतं जिनेश्वरम् ॥

हरिवंश पुराण के एक अन्य कथानक से ज्ञात होता है कि महाराज श्रीकृष्ण का युद्ध जब जरासिन्धु के साथ हो रहा था तो दक्षिण भारत के कई राजा भी उनके पक्ष में थे । इसका कारण यह है कि मदुरा में पाण्डवों का राज्य स्थापित हो जाने पर द्राविड़ राजाओं का सम्पर्क उत्तर के राजाओं के साथ घनिष्ठ होता जा रहा था । चेर, चोल, पाण्डय आंदि वंशके राजाओं का इनके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध था । इसलिए पाण्डवों के साथ इन्होंने जिन-दीक्षा ग्रहण की थी ।

णायकुमार चरिउ[10] में कहा गया है कि भगवान् नेमिनाथ के तीर्थकाल में कामदेव नागकुमार हुए थे । नागकुमार का मित्र मथुरा का राजकुमार महाव्याल था । यह महाव्याल पाण्डय देश गया था और पाण्डय राजकुमारी को विवाह कर ले आया था । भगवान् पार्श्वनाथ के समय में करकण्डु नाम का एक राजा हुआ है । उसने अपने राज्यका खूब विस्तार कर एकंदिन मंत्री से पूछा, हे मन्त्री ! क्या कोई ऐसा राजा है जो मुझे मस्तक न नमाता हो ? मंत्री ने उत्तर दिया – उत्तर के तो सभी राजा आपकी अधीनता स्वीकार कर चुके हैं, पर द्राविड़ देश के चेर, चोल और पाण्डय नरेश आपको नहीं मानते । राजाने उनके पास दूत भेजा, पर उन राजाओं ने करकण्डु की अधीनता नहीं स्वीकार की और यह कहकर दूतको वापस कर दिया कि हम जिनेन्द्र भगवान को छोड़ और किसी को सिर नहीं झुका सकते । राजा करकण्डुको द्रविड़ राजाओं के उत्तर ने अधिक उत्तेजित कर दिया; इससे उसने प्रतिज्ञा की कि जबतक इन राजाओं को वश में न कर लूँगा, शान्तिसे राज्य नहीं करूँगा और इनको पददलित न करूँ तो राज्य-पाट छोड़ दूँगा ।

करकण्डु ने सेना सजाकर युद्ध के लिए प्रस्थान कर दिया और रास्ते में तेरापुर नगरमें पहुँचा, यहाँ राजा शिव ने उसे भेंट चढ़ाई तथा राजा शिवके परामर्श से पासकी पहाड़ीकी गुफामें भगवान् पार्श्वनाथ के दर्शन किए । उस पहाड़ी पर चमत्कारकी एक बात यह थी, एक हाथी प्रतिदिन उस पहाड़ी पर स्थित एक वामीकी पूजा करता था । राजा करकण्डु ने उसकी पूजाको देखकर अनुमान लगाया कि निश्चित इस वामीके नीचे कोई देवमूर्त्ति

है, अन्यथा यह पशु पूजा नहीं करता, अतः उस वामीको खुदवाया। खुदाई में नीचे भगवान् पार्श्वनाथ की एक मूर्त्ति निकली जिसे वह वड़ी भक्ति और श्रद्धाके साथ गुफामें ले आया। इसके पश्चात् वह राजा इधर-उधर भ्रमण करता हुआ दक्षिण पहुँचा तथा चेर, चोल और पाण्डय नरेशोंकी सम्मिलित सेनाओं का सामना किया तथा अपने युद्ध कौशलसे उन्हें हराकर अपना प्रण पूरा किया। जब करकण्डु राजा उन पराजित राजाओं के सिर के ऊपर पैर रखने लगा तो उनके मुकुटों में स्थित जिन प्रतिमाओं के दर्शन उसे हुए; जिससे उसे भारी पश्चात्ताप[11] हुआ। उन्हें उसने फिर राज्य देना चाहा, पर वे स्वाभिमानी द्रविड़ाधिपति यह कर तपस्याको चले गए कि अब हमारे पुत्र-पौत्रादि ही राज्य को चलायें गे।

जम्बू स्वामी चरित्र से भी अवगत होता है कि विद्युच्चर नामका चोर जम्बूकुमार के प्रभाव के कारण चोरी से विरक्त हो गया था और यह भ्रमण करता हुआ समुद्र के निकट स्थित मलयाचल पर्वत पर पहुँचा। यहाँ से वह सिंहलद्वीप गया, लौटते समय वह केरल आया था। द्रविड़ देशको उसने जैन मन्दिरों और जैन श्रावकों से पूर्ण देखा। अनन्तर वह कर्णाटक, काम्बोज, कांचीपुरम सह्यपर्वत, आभीर आदि देशों में भ्रमण करता हुआ किष्किन्धापुर में आया। इस भ्रमण वृत्तान्त से स्पष्ट है कि भद्रबाहु स्वामी के जाने के पहले दक्षिण प्रान्त में जैन धर्म फल-फूल रहा था। यदि वहाँ जैन धर्म उन्नत अवस्था में नहीं होता तो यह विशाल मुनिसंघ, जिसकी कि आजीविका जैन धर्मानुयायी श्रावकों पर ही आश्रित थी, विपत्तिके समय कभी भी दक्षिणको नहीं जाता। बुद्धि इस बातको कभी स्वीकार नहीं करती है कि भद्रबाहु स्वामी इतने अधिक मुनियों की संख्याको बिना श्रावकों के कैसे ले जानेका साहस कर सकते थे?.अतः श्रावक वहाँ विपुल परिमाण में अवश्य वर्तमान थे। इसीलिए भद्रबाहु स्वामी ने अपने विशाल संघको दक्षिण भारत की ओर ले जानेका साहस किया।

भद्रबाहु स्वामी की इस यात्राने दक्षिण भारत में जैन धर्म के फलने और फूलनेका सुअवसर प्रदान किया। बौद्धोंकी जातक कथाओं और मेगस्थनीज के भ्रमणवृत्तान्तों से अवगत होता है कि उत्तरमें १२ वर्षका भयंकर दुर्भिक्ष पड़ा था और चन्द्रगुप्त मौर्य भी अपने पुत्र सिंहसेनको राजगद्दी देकर भद्रबाहुके साथ दक्षिण में आत्मशोधनके लिए चला गया था। चन्द्रगिरि

पर्वतपर चंद्रगुप्त की द्वादश वर्षीय तपस्याका वर्णन मिलता है । भद्रबाहु स्वामीने अपनी आसन्न मृत्यु ज्ञातकर मार्ग में ही कहीं समाधिमरण धारण किया था। इनका मृत्युकाल दिगम्बर परम्परानुसार वीर नि° सं° १६२ और श्वेताम्बर सम्प्रदाय द्वारा वी° नि° १७० माना जाता है ।

दक्षिण में पहुंचकर इस संघने वहाँ जैन धर्म का खूब प्रसार किया तथा जैन साहित्यका निर्माण भी विपुल परिमाण में हुआ । इस धर्म के प्रचार और प्रसारकी दृष्टिसे दक्षिण भारत को दो भागोंमें विभक्त किया जा सकता है– तामिल प्रान्त और कर्णाटक । तामिल प्रदेश में चोल और पाण्डय नरेशों में जैन धर्म पहले से ही वर्तमान था, पर अब उनकी श्रद्धा और भी दृढ़ हो गयी तथा इन राजाओं ने इस धर्म के प्रसार में बड़ा सहयोग प्रदान किया । सम्राट एल. खारवेल के एक शिलालेख से पता चलता है कि उसके राज्याभिषेक के अवसर पर पाण्डय राजाओंने कई जहाज उपहार भेजे थे। ये सभी राजा जैन थे इसीलिए जैन सम्राट के अभिषेक के अवसर पर उन्होंने उपहार भेजे थे । इनकी राजधानी मदुरा जैनों का प्रमुख प्रचार केन्द्र बन गई थी । तामिल ग्रन्थ 'नालिदियर' के सम्बन्ध में किंवदन्ती है कि भद्रबाहु स्वामी के विशाल संघ के आठ सहस्र जैन साधु पाण्डय देश गए थे, जब वे वहाँ से वापस आने लगे तो पाण्डय नरेशों ने उन्हे आनेसे रोका । एक दिन रातको चुपचाप इन साधुओं ने राजधानी छोड़ दी; पर चलते समय प्रत्येक साधुने एक-एक ताड़पत्र पर एक-एक पद्य लिखकर रख दिया; इन्हीं पद्यों का संग्रह 'नालिदियर' कहलाता है ।

तामिल साहित्य का वेद कुरलकाव्य माना जाता है, इसके रचयिता आचार्य कुन्दकुन्द हैं । इन्होंने असाम्प्रदायिक दृष्टिकोण से इसे लिखा है; जिससे यह काव्य मानवमात्र के लिए अपने विकास में सहायक है । जैनों के तिरूकुरूल, नालदियर, पछिमोछी, नानुछी, चिंतामणि, सीलप्पडिकारम्, चलणप्रदि आदि तामिल भाषाके काव्य विशेष सुन्दर माने जाते हैं । इनके अतिरिक्त पेरकंदै, यशोधरकाव्, चूड़ामणि, एलादी, कलिंगतुप्ररणी, नन्नूल, नेमिनाद, यप्पांरू, श्रीपुराण, मरूमंदर पुराण आदि तामिल ग्रन्थ भी कम प्रशंसा के योग्य नहीं । यह बात निर्विवाद सिद्ध है कि व्याकरण, छन्द, अलंकार, दर्शन और जैनागम प्रभृति विभिन्न विषयों के उत्तमोत्तम ग्रन्थ लिखकर तामिल वाङ्मयको समृद्धिशाली और उत्कृष्ट स्थिति में लाने का

श्रेय जैनाचार्यों को ही है। जैनाचार्य पूज्यपादके शिष्य व्रजनन्दिने पाण्ड्योंकी राजधानी मदुरा में एक विशाल जैन संघकी स्थापना की थी; इस संघ द्वारा तामिल प्रांत में जैन धर्म का खूब प्रचार हुआ। आचार्य कुंदकुंद ने पोन्नूरग्राम के निकट नीलगिरि नामक पर्वत पर तपस्या की थी, इनके आश्रम में आकर पल्लव वंशी शिवस्कन्दवर्म महाराज ने प्राभृत त्रयका अध्ययन किया था।

तामिल देशके इतिहास में जैन धर्म का ई° तीसरी और चौथी शताब्दी में कम प्रभाव दिखाई पड़ता है। पाँचवीं और छठीं सदीमें शैवधर्म का बड़ा भारी जोर रहा है, फिर भी जैनोंकी तात्कालीन परिस्थितिका चित्रण वैष्णव और शैवपुराणों में मिल जाता है। सातवीं शताब्दी से लेकर १२वीं शताब्दी तक शैवधर्म के समानान्तर जैन धर्म भी चलता रहा। गंगवाडि के गंगवंशीय राजाओं ने इस धर्म को विशेष प्रोत्साहन दिया, जिससे विधर्मियों के द्वारा नाना प्रकारके अत्याचारोंके होनेपर भी इसकी क्षीण रेखा ११ वीं सदीके अन्त तक दिखलाई पड़ती रही।

क्रमशः

1. See Madras Epigraphical Reports 1907, 1910.
2. See Studies in South Indian Jainism P-33.
3. See Jaina Gazette, Vol. XIX, P-75.
4. Buddhistic Studies, PP. 3, 68.
5. जैन सिद्धान्त-भास्कर भाग १० किरण १ तथा भाग ६ पृ° १०२।
6. विष्णुपुराण अध्याय १७, मत्स्यपुराण अ° २४, पद्मपुराण अध्याय १ और देवीभागवत् स्कन्ध ४, अ° १३।
7. See Indian Culture April 1938. P.515, and Times of India, 19th March 1935, P-9.
8. देखे–संक्षिप्त जैन इतिहास भा° ३ सं° १ पृ-११४।
9. जिनसेनाचार्य विरचित महापुराण पर्व १६ श्लो° १३०-१६५।
10. हरिवंश पुराण सर्ग ४५ श्लो° ७३।
11. संक्षिप्त जैन इतिहास भाग ३ खं° १ पृ-११४।
12. हा हा मई मूढइं कि कियउ, जिन बिंचु विचरणे आहयउ।

श्रावक जीवन

आचार्य श्री विजय भद्रगुप्त सूरीजी महाराज

दिशापरिमाण नहीं करने से नुकसान :

परन्तु जो लोग इस व्रत का महत्व नहीं समझते हैं, वे लोग यह व्रत ग्रहण नहीं करते हैं और कभी आपत्ति में फंस जाते हैं। कुछ वर्ष पूर्व एक महानुभाव ने अपना स्वानुभव सुनाते हुए मुझे कहा था–

एक बार हमारे गांव में एक महात्मा आए थे। गांव में हमारा एक ही जैन का घर था। मुनिराज को हमारे दूसरे घर में ठहराया और यथाशक्ति उनकी सेवा की। दूसरे दिन प्रातःकाल वे विहार कर रहे थे, उन्होंने मुझे कहा : 'करमचंद, कुछ व्रत-नियम करना चाहिए।' मैंने कहा : 'महाराज, मेरे से कोई व्रत-नियम होता नहीं है...मुझे क्षमा करें।' उन्होंने कहा : 'ठीक है, आज-आज के लिए दिशापरिमाण व्रत कर लो।' मैंने कहा : 'इस व्रत में क्या करना का होता है ?' उन्होंने कहा : 'आज यह गांव छोड़कर बाहर नहीं जाना।'

मैंने सोचा : 'आज मुझे बाहर गांव जाना भी नहीं है, और मुनिराज कितने वर्षों के बाद मेरे गांव में आए हैं तो उनकी बात माननी चाहिए।' मैंने व्रत ले लिया, प्रतिज्ञा कर ली– 'आज मैं गांव के बाहर नहीं जाऊंगा।'

मुनिराज को बिदा देकर घर पर लौटा। सुबह का नाश्ता कर लिया, स्नान कर लिया और दुकान जाकर बैठा। उस समय बाहर गांव के दो आदमी मेरी दुकान पर आए और पूछा : 'सेठ करमचंद आप ही हैं क्या ?' मैंने उन को आदर दिया और दुकान में गद्दी पर बिठाया। चाय पिलाकर मैंने पूछा : 'कहिए, यहाँ किस वजह से पधारे हैं ?' उन्होंने कहा : 'बात बहुत गंभीर है, बंद कमरे में करने की है।'

दुकान के भीतर दूसरा कमरा था। हम वहां जाकर बैठे। दो में से एक पतला शरीरवाला और गौर वर्ण का युवक था। उसने बात का प्रारंभ करते हुए कहा : 'हमारे पास सोना है। हमें बेचना है। बाजार में जो भाव चलता है, उस से आधे भाव में आपको देंगे।'

सस्ते सोने की बात सुनते ही मेरे मुंह में पानी आ गया । परन्तु मैंने पूछा : 'आप को मेरा नाम-गांव किसने बताया ?'

'करमचंद सेठ, आपका नाम आपके ही किसी स्नेही ने बताया है । बताने वाले के पास पैसे नहीं हैं, अन्यथा वो ही सोना ले लेता । हमें तो नगद रूपये चाहिए । एक हाथ से सोना और दूसरे हाथ से रूपये ।'

'आपके पास कितना सोना है ?'

'आप जितना चाहें उतना । रूपये नगद देने होंगे ।'

'अभी आपके पास कितना सोना है ?'

'सोना हम साथ नहीं रखते हैं । आपको हमारे साथ चलना होगा ।'

'कहां चलना होगा ?'

'नडियाद (गुजरात) स्टेशन उतर जाएंगे, वहां से दो माइल पैदल जाना होगा । रात्रि के समय काम करना होगा ।'

'कल चलेंगे...तो चलेगा क्या ?' मैंने पूछा । उस युवक ने कहा :

'नहीं, आज ही चलना होगा । आज रात में ही हमें वहां पहुंचना होगा ।'

मैंने सोचा कि आज मैंने व्रत लिया है, गांव छोड़कर बाहर नहीं जाने का और यह आज ही जाने की बात करता है । ऐसा भाग्योदय पहली बार ही आया है जिंदगी में । लाख रूपये का सोना ले लूं । सोने के भाव बढ़नेवाले हैं....लाखों रूपये कमा लूंगा ।'

प्रश्न : उस समय क्या भाव चलता था ?

महाराजश्री : यह तो सेठ करमचंद को पूछना पड़ेगा, और वे तो ऊपर चले गये हैं कभी के । परन्तु यह बात करीबन् ५५ साल पहले की है । उस समय तोले का भाव ५० रूपये के आसपास होगा । करमचंद ने शायद उस से भी कम भाव देखे होंगे और भविष्य में भाव बढ़नेवाले हैं – ऐसा भी सोचा होगा ।

करमचंद ने मुझे कहा : 'मैं लालच में फंस गया । बार बार लक्ष्मी सामने चलकर नहीं आती.... । व्रत का भंग होगा...परन्तु बाद में प्रायश्चित कर लूंगा ।'

प्रश्न : इस प्रकार जानबूझ कर व्रतभंग करे और बाद में प्रायश्चित करे – तो चल सकता है ?

महाराजश्री : क्या आपको भी करमचंद की लाईन में नाम लिखाना है ? यह तो करमचंद के विचार, उसका मनोमंथन बता रहा हूं, शास्त्र का सिद्धान्त नहीं बता रहा हूं । लोभ-लालच में फंसनेवाला मनुष्य कैसे-कैसे विचार करता है और अपने मन का समाधान करता है, यह बता रहा हूं।

करमचंद ने कहा : 'मैं उन दो आगन्तुक भाईयों की बात पर विश्वास कर लिया और उनके साथ चलने के लिये तैयार हो गया । परन्तु रूपये साथ नहीं लिए । सोचा कि रूपये यहां घर पर ही दे दूंगा । उन दो भाईयों से बात नहीं की । हम चल दिये । स्टेशन दो माईल दूर था । हम चलते चलते स्टेशन पहुंचे । रास्ते में बहुत सी बाते उन्होंने बतायी । मेरा उन पर विश्वास दृढ़ होता गया । वे मधुरभाषी थे । चतुर थे ।

स्टेशन जाकर गाड़ी में बैठ गए । रात में १२ बजे नडियाद स्टेशन पहुंचे । वहां से हम जंगल के रास्ते पैदल चल दिये । अब वे दो व्यक्ति बोलते नहीं थे, मौन चल रहे थे । एक मेरे आगे था, एक पीछे । करीबन एक घंटा चलते रहे । एक झोंपड़ी आयी । झोंपड़ी खाली थी...एक मंद दीया जल रहा था । अंदर एक रास्ता था । एक आदमी ने कहा : 'मेरे पीछे पीछे आना ।' पगथिये थे । मैं पगथिये उतरने लगा, परन्तु मेरा मन साशंक बन रहा था । मैं कुछ भय अनुभव कर रहा था । दस-बारह पगथिये उतर गये। नीचे एक कमरा था । कमरे की भित्ती पर तलवार, बंदूकें वगैरह शस्त्र लटक रहे थे । कमरे में करीबन १५ डाकू जैसे डरावने लोग बैठे थे । बीच में उनका सरदार बैठा था । मुझे देखकर वह बोला : 'सेठ, सोना लेने आये हो ?' मैं बोला नहीं, सर हिलाकर हां कह दिया । उसने कहा : 'अच्छा, अच्छा, कितना सोना चाहिए ?' मैंने कहा : 'एक लाख रूपये का ।' उसकी बड़ी बड़ी आंखे चौड़ी हो गयी । वह वोला :

'अच्छा है, सोना ले जाना, रूपये लाए हो न ?' मैंने कहा : 'नहीं, रूपये साथ नहीं लाया, मेरे गांव में दे दूंगा । आप जिस को भी भेजेंगे, उसको दे दूंगा ।

वह जोर से चिल्लाया : 'अरे शैतानसिंह, क्या तुमने सेठ को रूपये साथ लाने को नहीं कहा था ?' शैतान ने मेरे सामने देखा और मौन रहा। सरदार बोला : 'पहले रूपये चाहिए बाद में सोना.... ।'

मेरे में हिम्मत आ गयी । मैंने कहा : 'आप अपने आदमी को मेरे साथ

अहमदाबाद भेजो, मैं उसको वहां से रूपये दिलवाता हू...वह मुझे वहाँ सोना दे देगा ।' मैंने इतनी सहजता से यह प्रस्ताव रख दिया...कि सरदार को विश्वास हो गया । मैं मेरे मन में मेरे इष्ट देवता को याद करता रहा और उस मुनिराज को याद कर मन से क्षमा मांगता रहा...व्रतभंग किया था जो ।

क्षणभर तो मुझे लगा कि – 'यहां से जिंदा नहीं निकल सकता । यह भयानक डाकूओं का डेरा है । परन्तु इष्टदेवता की कृपा से सरदार को मेरी बात पर विश्वास हो गया और एक डाकू को मेरे साथ भेज दिया । जब हम नडियाद स्टेशन पर आये तब मेरी आंखों पर बंधी हुई पट्टी खोली गई । जाते समय भी स्टेशन से ही मेरी आंखों पर पट्टी बांधी गयी थी ।

हम दोनों अहमदाबाद पहुंचे । सुबह का समय था । मैंने उस डाकू को कहा : 'अपन माणकचौक जाएंगे । वहां मैं रूपये दे दूंगा ।' हम माणकचौक की ओर चले । 'अब इस डाकू से कैसे पिंड छुड़वाना...' यही विचार मेरे मन में चल रहा था । इष्टदेवता का स्मरण भी कर लेता था । माणकचौक आ गया । लोगों को भीड़ थी । मैंने डाकु से कहा : 'तुम यहां खड़े रहो...मैं निपटकर आता हूं... ।' मैं सार्वजनिक शौचालय में घुस गया । दूसरे रास्ते से बाहर निकल कर एक पोल में घुस गया । अहमदाबाद की पोलें ऐसी होती हैं कि पुलिस भी वहां आदमी को खोज नहीं सकती है । मैं बच गया। तीन दिन अहमदाबाद रहकर, मेरे गांव पहुँच गया ।' मैंने पूछा : 'क्या वे लोग पुनः तुम्हारे गांव में नहीं आये ।' उसने कहा : 'नहीं आये, आते तो मैं सावधान था उनसे निपटने के लिए । परन्तु मुझे बार-बार वे मुनिराज याद आते रहे । मुझको बचाने के लिए ही उस दिन गांव से बाहर नहीं जाने का 'दिशापरिमाण व्रत' उन्होंने मुझे दिया होगा ।'

दिशापरिमाण व्रत में दृढ़ रहें :

करमचंद की बात सुनी न ? यह घटी हुई घटना है । यह व्रत बड़ा महत्वपूर्ण है । एक व्रतधारी ने मुझे बताया था कि एक दिन उसने गांव के बाहर नहीं जाने का व्रत धार लिया था । लोभ-लालच के प्रसंग आने पर भी वह गांव के बाहर नहीं गया । शाम को एक अनजान सा व्यक्ति आता है । उस भाई का नाम पूछता है । वह आगंतुक का स्वागत करता है और कहता है : 'आप के पिताजी से मेरे पिताजी ने पांच हजार रूपये लिए थे।

मेरे पिताजी की नोट में मैंने पढ़ा । मैं अमेरिका रहता हूं । मैंने पैसे कमाए हैं । मैंने सोचा कि पिताजी का कर्जा भी मैं चुका दूं । आज रात को ही मुझे प्लेन से विदेश जाना है । आप आज यहां मिल गए, अच्छा हुआ । ब्याज सहित ये २० हजार रूपये ले लीजिए ।' उसने २० हजार रूपये सामने रख दिए । उस व्रतधारी ने मुझे कहा : 'मैं तो आश्चर्यचकित हो गया । यदि मैं उस दिन वहां नहीं होता तो ? रूपये नहीं मिलते, यह बात तो गौण है, परन्तु ऐसे पितृभक्त ईमानदार मनुष्य से मिलना नहीं होता । मैंने ब्याज नहीं लिया, मात्र पांच हजार रूपये ही लिए और वे रूपये पिताजी की स्मृति में एक हॉस्पिटल में दे दिए ।'

है न यह भी एक सुखद अनुभव ? ऐसे तो अनेक व्रतधारी लोगों के अनुभव प्राप्त हो सकते हैं ।

महत्व की बात है संसार परिभ्रमण घटाने की । इस व्रत से संसार परिभ्रमण घटता है । क्रमशः स्थिरता का अभ्यास दृढ़ होता जाता है ।

'मुझे आत्मभाव में स्थिरता पाना है । मुझे स्व-भाव में स्थिर होना है । अब मुझे विभाव-दशा में परिभ्रमण नहीं करना है । अनंतकाल से मैं संसार में विभावदशा में भटकता रहा हूं । परिणाम दुःख, क्लेश और संताप में ही आया है । अब इस जन्म में उस गल्ती को दोहराना नहीं है । दस दिशाओं में भटक-भटक कर अब दुःखी नहीं होना है ।

ऐसा चिंतन आत्मसाक्षी से करना होगा । और इस शुभ विचार को कायम बनाए रखने के लिए यह दिशापरिमाण व्रत लेना होगा । ज्ञानदृष्टि खुल जाने पर व्रत का सरलता से पालन हो सकेगा ।

आप सब की ज्ञानदृष्टि खुले, आप व्रतधारी बनें और परम सुख की ओर अग्रसर बनें-यही मंगलकामना ।

महान् श्रुतधर परम कृपानिधि आचार्यश्री हरिभद्रसूरिजी स्वरचित 'धर्मबिन्दु' ग्रंथ में श्रावक जीवन का विशेष धर्म बता रहे हैं । बारह व्रतमय विशेष धर्म बताते हुए उन्होंने सर्वप्रथम पांच 'अणुव्रत' बताये, तत्पश्चात् वे तीन 'गुणव्रत' बता रहे हैं । पहला गुणव्रत 'दिशापरिमाण' का बताने के बाद दूसरा गुणव्रत 'भोगोपभोग परिमाण व्रत' आरम्भ कर रहे है !

इस व्रत में दो शब्द हैं : 'भोग' और 'उपभोग' । जो वस्तु एक बार ही भोगी जा सकती है वह 'भोग' और जो वस्तु बार-बार भोगी जा सकती है

वह 'उपभोग' कहा जाता है। भोजन, विलेपन वगैरह वस्तु भोग्य कहलाती हैं। कपड़े, गहने, स्त्री, मकान वगैरह वस्तु उपभोग्य होती हैं, यानी एक ही वस्तु का पुनः पुनः उपभोग किया जा सकता है।

दुनिया में भोग्य और उपभोग्य वस्तु अनेक हैं। सभी वस्तुओं का मनुष्य भोग-उपभोग करता भी नहीं है। इसलिए उन वस्तुओं का परिमाण करना चाहिए। भोग-उपभोग की वस्तु निश्चित कर लेनी चाहिए। यह निर्णय कर लेने से, असंख्य वस्तुओं की 'विरति' हो जायेगी। उन वस्तुओं की अपेक्षा टूट जायेगी। जीवन की आवश्यकतायें मर्यादित हो जाने से जीवन तनावमुक्त बनेगा। इस दृष्टि से यह व्रत बहुत ही उपयोगी व्रत है!

पहली प्रतिज्ञा :

मैं २२ अभक्ष्य का यथाशक्ति त्याग करना हूं।

२२ अभक्ष्य :

१. मांस, गोश्त, अंडा, मछली।
२. शहद।
३. मक्खन।
४. मदिराः शराब, ताड़ी, बियर, भांग, बीड़ी, सिगरेट।
५. ६. ७. ८. ९. उबरोः गुलर का लुंबर, पीपल, बड़ के फल (टेटा), कोठिंबड़ा।
१०. बर्फ, कुलफी।
११. जहर, अफीम, सोमल, वच्छनाग, हरताल।
१२. ओला।
१३. कच्ची मिट्टी।
१४. बैंगन।
१५. बहुत बीजः पंटोल, पपोटा, खसखस, अंजीर।
१६. बोलोः आबवेली, पाड़ल, नींबूकेर, आम, इमली, करमदा हरी हल्दी, आदु, जमीनकन्द वगैरह का बना हुआ आचार-रायता। आचार-रायता वगैरह में चौथे दिन बेइन्द्रिय की और जूठे हाथ से छूने से पचेन्द्रिय जीव की उत्पति हो जाती है।
१७. द्विदलः कच्चा (गरम नहीं किया हुआ) दूध, दही व मट्ठा के साथ कटोल धान्य, कुमटिया, गवार, मेथीदाना, भाजी खाना या मिलाकर खाना।

१८. तुच्छ फल : छोटे बोर, जंगली बेर, पीलु, पीचु ।
१९. अज्ञान फल : कोई भी न जानता हो वैसे फल ।
२०. २१. २२. रात्रि भोजन, चलित रस और अनन्तकाय ।

ये २०-२१-२२ नंबर के अभक्ष्य नहीं खाने की अलग से प्रतिज्ञा करने को होती है । जैसे—

दूसरी प्रतिज्ञा :

मैं रात्रि भोजन का त्याग करता हूं ।

तीसरी प्रतिज्ञा :

मैं यथाशक्ति 'चलित रस' का त्याग करता हूं ।

नीचे की वस्तुएं दूसरे दिन 'चलितरस' बन जाती हैं, इसलिए खाने योग्य नहीं होती हैं —

१. रोटी	११. मलाई
२. नरम पुड़ी	१२. दुधेटी
३. पुरणपोली	१३. रसगुल्ला
४. पापड़ का लोया	१४. कच्ची चासनी
५. दाल	१५. एक तार की चासनी का हलुआ या मावा
६. सब्जी	१६. गीला पापड़
७. दुध	१७. गीली सेव
८. खीर	१८. गीला भुजिया-पकोड़े
९. श्रीखंड	१९. भीगी हुई दाल
१०. रायता	२०. पानीवाली चटनी

इन वस्तुओं में से जिन वस्तुओं का त्याग आप करना चाहें, कर सकते हैं ।

चौथी प्रतिज्ञा :

मैं ३२ अनन्तकाय वनस्पति का यथाशक्ति त्याग करता हूं ।

१. सुरणकन्द	१२. हरी मोथ	२३. खिलोड़ा
२. वज्रकन्द	१३. मूल	२४. अमृतवेल
३. हरी हल्दी	१४. प्याज	२५. वत्थुला भाजी
४. आलू	१५. हरी कचुरो	२६. भूमि फोडा
